54

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
### सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–280/2025 3546 /पटना, दिनांक– 19.3.26

संवेदक Pawansut Hanuman Construction Company Private Limited (Reg. No. 1240534), Add:- At -Mahalaxmi Nagar Behind Hari Krishna Colony G T Road Sasaram Bihar India Pincode: 821115 को कार्य प्रमंडल, दरभंगा–01 के अधीन MR (3054) योजनान्तर्गत **"बसुआरा से रतनपुरा"** पथ का मरम्मति कार्य हेतु आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 29.12.2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 28.09.2021 था।

उक्त पथ में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पथ का मरम्मति कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–01 द्वारा उक्त पथ का मरम्मति कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तदालोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–01 के पत्रांक 2496 दिनांक 02.11.2023 द्वारा एकरारनामा संख्या:–73MBD/2020-21 को विखंडित करते हुए अपने पत्रांक 2043 दिनांक 28.08.2025 द्वारा संवेदक के निबंधन को कालीसूची में सम्मिलित किये जाने हेतु उचित माध्यम से अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 10046 अनु0 दिनांक 18.09.2025 एवं पत्रांक 11168 दिनांक 31.10.2025 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के आलोक में कार्यपालक अभियंता द्वारा उल्लेखित किया गया है कि उक्त विखंडनादेश के आलोक में दिनांक 17.09.2025 को Empowered Satanding Committee की बैठक के उपरान्त अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना में पत्रांक 3569 दिनांक 18.09.2025 द्वारा उक्त विखंडनादेश को Set Aside करते हुए संवेदक को दिनांक 17.09.2025 से अगले 45 दिनों तक उक्त पथ का निार्मण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ तथा विशिष्टियों के अनुरूप पूर्ण करने करने का निदेश दिया गया। साथ ही संवेदक द्वारा कार्य में समानुपाति प्रगति नहीं होने पर एकरानामा के प्रावधानों के अनुरूप ययोचित कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

संवेदक द्वारा उक्त समयावधि बीत जाने के बाद भी कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई अभिरूची नहीं ली गई। साथ ही पथ निर्माण हेतु Bar/Part Chart दिनांक 01.01.2026 को समर्पित किया गया था। जिसके आलोक में अभी तक स्थल पर प्रगति शुन्य रहने के कारण कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दरभंगा–01 के पत्रांक 819 दिनांक 27.02.2026 द्वारा एकरारनामा संख्या:–73MBD/2020-21 को पुनः विखंडित की गयी।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में संवेदक Pawansut Hanuman Construction Company Private Limited (Reg. No. 1240534), Add:- At -Mahalaxmi Nagar Behind Hari Krishna Colony G T Road Sasaram Bihar India Pincode: 821115 के निबंधन संख्या:– 1240534/1190025, PAN No.AAGCP2532B को अगले 04 (चार) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

ह0/- 18.03.26
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

धित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–280 / 2025 3546 / पटना, दिनांक– 19.3.26

प्रतिलिपि– संवेदक Pawansut Hanuman Construction Company Private Limited (Reg. No. 1240534), Add:- At -Mahalaxmi Nagar Behind Hari Krishna Colony G T Road Sasaram Bihar India Pincode: 821115 को सूचनार्थ प्रेषित।

18.03.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–280 / 2025 3546 / पटना, दिनांक– 19.3.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.03.26

अभियंता प्रमुख

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–280 / 2025 3546 / पटना, दिनांक– 19.3.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

18.03.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–280 / 2025 3546 / पटना, दिनांक– 19.3.26

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग / प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.03.26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–280 / 2025 3546 / पटना, दिनांक–19.3.26

Website

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

18.03.26

अभियंता प्रमुख